बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

सकारण आदेश

आदेश सं0–14/अ0प्र0–2–84/12– 5161 पटना,दिनांक– 21.5.18

प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना अंतर्गत पैकेज संख्या–बी0आर0–28–08 के तहत आवंटित पथों का कार्य अपूर्ण रखे जाने की सूचना कार्यपालक अभियंता, ग्राम्य अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल सासाराम के पत्रांक 1463, दिनांक 25.10.2006 द्वारा प्रदान करते हुए संबंधित संवेदक को काली सूची में डालने की अनुशंसा की गई थी, जिसके आलोक में संबंधित संवेदक श्री लल्लन शुक्ल, इन्द्र राज भवन, फजलगंज, जिला–रोहतास (नि0सं0–मु0अ0,ग्रा0अ0सं0–189/99, वर्ग–प्रथम "ए") को ग्राम्य अभियंत्रण संगठन के पत्रांक 5059, दिनांक 11.01.07 द्वारा काली सूची में डाला गया था। विदित है कि तत्कालीन समय में ग्राम्य अभियंत्रण संगठन, ग्रामीण विकास विभाग के अधीन था, जो बाद में ग्रामीण विकास विभाग से अलग होकर ग्रामीण कार्य विभाग के नाम से संगठित हुआ।

काली सूची में डालने के उक्त आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में सी0डब्ल्यू0जे0सी0नं0–11994/2006 तत्पश्चात एल0पी0ए0नं0–1107/2013 दायर कराया गया। उक्त एल0पी0ए0 में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा संवेदक के कालीकरण के उपरोक्त विभागीय आदेश को निरस्त कर दिया। माननीय न्यायालय द्वारा पारित उक्त न्यायादेश के अनुपालनार्थ उक्त संवेदक को विभागीय काली सूची से विमुक्त करने का निर्णय लिया गया है।

अतः उक्त निर्णय के आलोक में संवेदक श्री लल्लन शुक्ल, इन्द्र राज भवन, फजलगंज, जिला–रोहतास (नि0सं0–मु0अ0,ग्रा0अ0सं0–189/99, वर्ग–प्रथम "ए") को उपरोक्त पैकेज से संबंधित पथों के लिए विभागीय काली सूची से मुक्त किया जाता है।

(सुभाष चन्द्र)
अभियंता प्रमुख

ज्ञा0 सं0–14/अ0प्र0–2–84/12– 5161 पटना,दिनांक–21.5.18

प्रतिलिपि– अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास विभाग/उर्जा विभाग/ सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/ सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता/ सभी नोडेल पदाधिकारी (मु0) ग्रामीण कार्य विभाग/मुख्य अभियंता, योजना एवं विकास विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतू प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञा0 सं0–14/अ0प्र0–2–84/12– 5161 पटना,दिनांक– 21.5.18

प्रतिलिपि– संवेदक श्री लल्लन शुक्ल, इन्द्र राज भवन, फजलगंज, जिला–रोहतास को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञा0 सं0–14/अ0प्र0–2–84/12– 5161 पटना,दिनांक– 21.5.18

प्रतिलिपि– आई0 टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतू प्रेषित। इस पत्र को विभागीय साईट पर अपलोड करें।

अभियंता प्रमुख